समाज विकास

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• जनवरी २०२२ • वर्ष ७३ • अंक ०१
मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००

राष्ट्र के ७३वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता स्थित अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन केन्द्रीय कार्यालय भवन के समक्ष सम्मेलन के पदाधिकारियों-सदस्यों के साथ झंडोत्तोलन करते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री भानीराम सुरेका।

इस अंक में :

★ **अध्यक्षीय :** नववर्ष मंगलमय हो हमारा - अमर रहे गणतंत्र हमारा!

★ **सम्पादकीय :** कमाओ सौ हाथ से, बाँटों हजार हाथ से।

★ सम्मेलन में नये सदस्यों का स्वागत

★ **आलेख :** महिला सामान नहीं, सम्मान की हकदार है; स्व. राधेश्याम खेमका: सनातन साहित्याकाश के देदीप्यमान नक्षत्र

★ **रपट :** गणतंत्र दिवस समारोह, राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक, प्रादेशिक समाचार - बिहार, पश्चिम बंग, तेलंगाना

Rungta Office, Nagar Parishad Complex, Chaibasa, Jharkhand- 833201
Email - tmtsales@rungtasteel.com

समाज विकास

◆ जनवरी २०२२ ◆ वर्ष ७३ ◆ अंक १
◆ एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००

अनुक्रमणिका

शीर्षक	पृष्ठ संख्या
● **सम्पादकीय : शिव कुमार लोहिया** कमाओ सौ हाथ से, बाँटो हजार हाथ से।	४-५
● **अध्यक्षीय : गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** नववर्ष मंगलमय हो हमारा – अमर रहे गणतंत्र हमारा!	७
● **रपट –**	
गणतंत्र दिवस समारोह	८-१०
राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक	१५
● प्रादेशिक समाचार	१६, १८
● **आलेख – सीताराम शर्मा** महिला 'सामान' नहीं, सम्मान की हकदार है!	१७
● **देव-स्तुति : डॉ. जुगल किशोर सर्राफ**	१९
● सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत	२०-२२

स्वत्वाधिकारी

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
All India Marwari Federation

प्रशासनिक एवं सम्पर्क कार्यालय : **४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०००१७**
फोन : ०३३-४००४ ४०८९

पंजीकृत कार्यालय : १५२बी (द्वितीय तल), महात्मा गांधी रोड कोलकाता - ७००००७

◆ email: aimf1935@gmail.com
◆ Website : www.marwarisammelan.com

स्वत्वाधिकारी ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन के लिये **श्री भानीराम सुरेका** द्वारा ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन, ४बी, डकबैक हाउस (४ तल्ला), कोलकाता-१७ से प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित।

◆ प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा ◆ सम्पादक : शिव कुमार लोहिया

प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
4बी, डकबैक हाउस (चौथा तल्ला)
41, शेक्सपियर सारणी, कोलकाता-700 017

समाज से सादर निवेदन

वैवाहिक अवसर पर मद्यपान करना - कराना धार्मिक एवं सामाजिक दोनों रूप से उचित नहीं है।

प्री-वेडिंग शूट हमारी सभ्यता एवं संस्कृति के खिलाफ है।

समाजहित में इनसे परहेज करें।

निमंत्रण में ई-कार्ड को बढ़ावा दें।

श्रद्धांजलि

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के विशिष्ट संरक्षक सदस्य एवं समर्पित समाजसेवी श्री बुलाकी दास जी भैया का गत २२ जनवरी २०२२ को वैकुण्ठवास हो गया। कोलकाता–निवासी स्व. बुलाकी दास जी लम्बे समय से सम्मेलन से जुड़े थे और सम्मेलन के कार्यक्रमों में सर्वरूपेण सहयोग करते थे।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन परिवार स्वर्गीय बुलाकी दास जी भैया को विनम्र–कृतज्ञ पुष्पांजलि अर्पित करते हुए परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है कि वे दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीविग्रह में स्थान और उनके शोक-संतप्त परिवार को धैर्य धारण की शक्ति दें!!

सम्पादकीय

कमाओ सौ हाथ से, बाँटो हजार हाथ से।

एक बार हकीम लुकमान से उनके बेटे ने पूछा – अगर मालिक ने फरमाया कि कोई चीज माँग, तो मैं क्या माँगू? लुकमान ने जबाब दिया – 'परमार्थ का धन'। बेटे ने फिर कहा – 'अगर दूसरी चीज माँगने को कहें तो? लुकमान ने कहा – हलाल की कौड़ी (पसीने की कमाई) माँगना। उसने फिर पूछा – तीसरी चीज? जबाब मिला – उदारता। चौथी? शरम। पाँचवी – अच्छा स्वभाव। बेटे ने फिर पूछा – और कुछ माँगने को कहें तो? लुकमान ने जबाब दिया – 'बेटा! जिसको ये पाँच चीजें मिल गई उसको तो माँगने के लिये और कुछ भी नहीं बचेगा। तेरी खुशहाली का यही रास्ता है और तुझे इसी रास्ते से जाना चाहिए।

आज के संदर्भ में हमें यह सोचना होगा कि हमारी आवश्यकताओं में किन चीजों की प्राथमिकता होती है। हमारी मनोदशा किस पर केन्द्रित हुई जा रही है? यह कहना गलत नहीं होगा कि आज धन का बोलबाला है। प्रत्येक व्यक्ति धन उपार्जन करने की भागमभाग में व्यस्त है। इसके सामने अन्य लक्ष्य गौण हो जाते है। पर उस सोच से ग्रस्त हम इंसान कहलाने के हक से वंचित हो जाते हैं।

जो वर्ग अधिक उपार्जन करते हैं, उनका उत्तरदायित्व है कि वे सामाजिक स्तर से बढ़-चढ़ कर दिखावा-प्रदर्शन में खर्च न करें। उसी प्रकार से अपना जीवन-यापन करे जैसा समाज के सामान्य नागरिक को करना पड़ता है। थोड़ा-बहुत अंतर हो सकता है, पर वह अंतर सीमित रहना चाहिए जैसा कि पाँच अंगुलियों में रहता है। अधिक क्षमता की सार्थकता एवं प्रशंसा इस बात में हैं कि उसका उपयोग अपने से कमजोर लोगों को सशक्त बनाने में किया जाय। दान करना उन लोगों का नैतिक कर्त्तव्य है। अपरिग्रह धर्म का एक आवश्यक अंग माना गया है। आवश्यकता से अधिक संग्रह को 'पाप' की श्रेणी में रखा गया है। अधिक धन व्यक्तिगत विलासिता की जगह लोक-कल्याण के काम में खर्च होना चाहिए। धन को हम लक्ष्मी-स्वरूपा मान कर पूजा करते हैं। धर्म के अनुसार धन एक शक्ति है। यह अवधारणा तभी सत्य है जब धन के उपार्जन एवं व्यय पर धर्मबुद्धि का समुचित नियन्त्रण बना रहे। अनियंत्रित व्यय पतन का कारण बन जाता है। धन विधायक शक्ति तो है ही, उसकी 'विनाशक' शक्ति और अधिक प्रचंड है। इस संबध में अपने युग के सबसे अमीर व्यक्ति अमरीकी रॉकफेलर के जीवन से हम सीख सकते हैं। आधुनिक धन कुबेर थे रॉकफलर। बाजार में जिस चीज को खरीदना शुरू करते, पूरा बाजार का बाजार खरीद डालते। उनके मुकाबले खड़े होने का साहस नहीं होता। व्यापार से अंधाधुंध धन आ रहा था। धन के अलावा कुछ भी उन्हें नहीं सूझता। उनके मित्र उन्हें घूमने-फिरने का निमन्त्रण देते। पर वे यह कह कर मना कर देते कि मेरे पास इन सब कामों के लिए समय नहीं है। ५३ वर्ष की आयु में वह चिंता का शिकार हो गये। प्रति सप्ताह लाखों डालर कमाने वाले को धन से इतना मोह हो गया कि जरा सा नुकसान भी उन्हें सहन नहीं होता। २३ वर्ष की उम्र में जब वे अपनी कम्पनी स्टैंडर्ड वैक्यूम आयल कम्पनी के मालिक नहीं बने थे, तब खूब हँसी-खुशी एवं मस्ती का जीवन जीते थे। जैसे-जैसे धन बढ़ता गया दुश्चिंताओं एवं भोग के कारण वे रोगग्रस्त हो गये। स्थिति ऐसी हो गई कि उनकी पाचन क्रिया ने जबाब दे दिया। उनका मन अशांत एवं उद्विग्न रहता और हर घड़ी विषाद एवं व्यापार में हानि की चिंता सताने लगी। उनके सब बाल उड़ गये। यौवन काल में ही वृद्धावस्था की ओर बढ़ने लगे। आखिर एक दिन ऐसा आया कि वे मृत्युशैया पर लेटे थे। बड़े-बड़े डाक्टरों ने उनका इलाज किया। कुशल मनोवैज्ञानिकों ने राय दी :

१. चिंता से दूर रहें।

२. शरीर से होने वाले मनोरंजक, रचनात्मक कार्यों में दिलचस्पी लें। बागवानी, पानी में तैरना, खुली हवा में टहलना जैसे कार्य करें।

३. शराब, जुआ, सिगरेट एवं सभी नशा छोड़ दें।

४. शान्त रहना सीखें। मन को दृढ़ बनायें।

कुछ महीनों में ही इन मनोवैज्ञानिक नुस्खों से उन्हें लाभ होने लगा। बाद में उन्होंने कहा – मै चिंता से छूटकर अब शांत, संतुलित, तृप्त और स्वस्थ जीवन जीने का नुस्खा सीख चुका हूँ। मैं चिंता के कारण मौत के जबड़े में पँहुच चुका था। पर अब निकल गया हूँ। मैंने अपने आस-पड़ोस के साधारण व्यक्तियों के जीवन तथा उनकी व्यक्तिगत समस्याओं, उनके हर्ष-विषाद, दुःख-दर्द में सहानुभूतिपूर्वक भाग लिया एवं उनके दुःख दूर करने का उपाय किया। मैने अपनी सम्पति की चिंता छोड़ दी। मुझे विश्वास हो गया कि जीवन की सुरक्षा की दृष्टि से मुझे भविष्य में कपड़ा, भोजन और सम्मान यूँही हमेशा मिलता रहेगा। इस लिये अपने व्यापार अथवा सम्पति से वर्ष में मैं कितना कमाता हूँ, कितना खर्च करता हूँ, हानि-लाभ की चिंता मैंने छोड़ दी। मैंने अनुभव किया कि पैसा कमाने से अधिक महत्वपूर्ण है उसे ठीक तरह से खर्च करना।

कितना धन मैं कमा सकता था उसकी चिंता छोड़कर, अब यह सोचने लगा कि मेरा कितना धन लोगों के सुख, शांति, सेवा, आराम और आनंद में लग सकता है। परोपकार एवं दान में मैंने करोड़ों डालर का वितरण प्रारम्भ कर दिया। अस्पतालों, अनाथों और कुशाग्र गरीब विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की। इस प्रकार चिंता छूट गई और मुझे शांत, तृप्त एवं खुश जीवन प्राप्त हुआ। उन्होंने रॉकफेलर फाउन्डेशन की स्थापना की। ५३ वर्ष की उम्र में मृत्यु के इतने करीब आकर फिर से स्वास्थ्य-लाभ किया एवं ९८ वर्ष का दीर्घ जीवन प्रसन्न, प्रफुल्ल एवं संतुष्ट रहकर जीया। यह सब कुछ सम्भव हुआ जब उनको यह समझ आ गई कि धन ही सब कुछ नहीं है। पेन्सिलीन आदि बहुमूल्य औषधियाँ, जो आज लाखों व्यक्तियों को जीवनदान देती हैं, उसी संस्था के सहायता के कारण संभव हुई।

धन कमाने की खुशी से कहीं ज्यादा खुशी, संतोष एवं प्रफुल्लता कमाए हुए धन से दूसरों को खुशी पँहुचाने में होती है। इस संवध में एक अन्य उदाहरण हम एक नाइजीरियाई अरबपति फैमी ओटेडोला की ले सकते हैं। उनसे पूछा गया आपको ऐसी कौन सी घटना याद है जिसने आपको सबसे अधिक खुशी प्रदान

की। उन्होंने बताया – जीवन में मैं खुशी के चार चरणों से गुजर चुका हूँ और आखिरकार मुझे सच्चे सुख का अर्थ समझ में आया। पहला चरण – धन एवं साधन संचय करना था। लेकिन इस स्तर पर मुझे वह सुख नहीं मिला, जो मैं चाहता था। फिर कीमती वस्तुओं को इकट्ठा करने का दूसरा दौर आया। मैंने महसूस किया कि इन चीजों का भी अस्थायी प्रभाव रहता है एवं इनकी चमक ज्यादा दिनों तक नहीं रहती। फिर आया तीसरा दौर। उस समय नाइजीरिया और अफ्रीका में डीजल की आपूर्ति का ९५% मेरे पास था। अफ्रीका में मैं सबसे बड़ा पोत मालिक था। लेकिन वहाँ भी मुझे वह खुशी नहीं मिली, जिसकी मैने कल्पना की थी। चौथा चरण तब आया जब मेरे मित्र ने मुझे विकलांग बच्च्वों के लिये ह्वीलचेयर खरीदने को कहा। लगभग २०० बच्चे थे। दोस्त के कहने पर मैने तुरंत ह्वीलचेयर खरीद दी। लेकिन दोस्त की जिद थी कि मैं उसके साथ जाऊँ और बच्चों को ह्वीलचेयर अपने हाथों सौंपूँ। मैं उसके साथ गया। वहाँ सभी बच्चों को अपने हाथों से ह्वीलचेयर दी। उन बच्चों के चेहरे पर मैंने खुशी की अजीब सी चमक देखी। मैंने उन सभी बच्चों को व्हीलचेयर पर बैठे घूमते और मस्ती करते हुए देखा। यह ऐसा माहौल था जैसे हम किसी पिकनिक स्पाट पर पहुँच गए हों, जहाँ वे जैकपाट बाँट रहे हों। मुझे अंदर से असली खुशी हुई। जब मैने वहाँ से लौटने को हुआ तो बच्चों में से एक ने मेरी टाँग पकड़ ली। मैने धीरे से अपने पैरों को छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन बच्चे ने मेरे चेहरे को देखा और मेरे पैरों को और कसकर पकड़ लिया। मैंने झुककर उस बच्चे से पूछा – क्या तुम्हें और कुछ चाहिए? उस बच्चे ने मुझे जो जवाब दिया उसने न केवल खुशी प्रदान की बल्कि जीवन के प्रति मेरे दृष्टिकोण को भी पूरी तरह से बदल दिया। उस बच्चे ने कहा – मैं आपका चेहरा याद रखना चाहता हूँ ताकि जब मैं आपसे स्वर्ग में मिलूँ तो मैं आपको पहचान सकूँ। इस दुनिया को छोड़ने के बाद आपको किसलिये याद किया जायगा या आपको फिर कोई याद करना चाहेगा भी? यह बातें अत्यंत महत्वपूर्ण है एवं सदैव याद रखने योग्य हैं।

कहा गया है कि अगर आपको अपना दर्द महसूस हो तो आप जीवित हैं। अगर आपको दूसरे का दर्द महसूस हो तो आप इंसान है। सोचने की बात है कि जब दर्द शरीर के किसी भी हिस्से में होता तो आँखे क्यों रोती हैं। शरीर के अन्य भाग के दुख में आँख क्यों दुखी हो जाती है? हम सभी यह जानते है कि प्रत्येक व्यक्ति समाज का अंग है। इसमें एक-दूसरे के दर्द को महसूस करना ही हमारे इन्सानियत का परिचायक है। जिस समाज में व्यक्ति एक-दूसरे के दर्द को समझकर साथ नहीं देता है, वह समाज निष्प्राण है। जो व्यक्ति सिर्फ अपने काम से काम, मतलब से मतलब, रखता है वह स्वयं तो दु:खी रहेगा ही, अपने आप-पास के लोगों को भी सुख नहीं दे सकेगा। स्वस्थ समाज की सरंचना में इस भावना का होना बहुत आवश्यक है। साथ ही साथ स्वयं को प्रसन्न रखने का इससे अच्छा उपाय कुछ भी नहीं है।

अगर हम ध्यान से अपने जीवन का मूल्यांकन करें तो हम पायेंगे कि जीवन का आनंद दूसरों के साथ सहयोग करने में है। स्वकेन्द्रित जीवन अंततोगत्वा अभिशाप ही सिद्ध होती है। समाज में आज सद्भावना, सहयोग, सहकारिता एवं सहिष्णुता की भावना शनैः-शनैः कमजोर पड़ती जाती है। स्वयं की अहंतुष्टि या प्रचार के लिये किया गया सहयोग आपको सुख-शांति प्रदान नहीं कर सकता। हमारे संस्कृति भी यही कहती है – कमाओ सौ हाथ, बाँटो हजार हाथ से।

शिव कुमार लोहिया

प्रादेशिक समाचार : तेलंगाना

विशिष्ट उपलब्धि पर आई.पी.एस. अधिकारियों का सम्मान

गत ०९ जनवरी २०२२ को तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा उत्कृष्ट सेवा करते हुए विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने पर दो आई.पी.एस. अधिकारियों का अभिनंदन किया गया। इनमें भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय में निदेशक के पद पर सेवारत श्री अशोक कुमार को ई-कोर्ट मिशन प्रोजेक्ट पर डिजीटल ट्रांसफर्मेशन के लिए प्रोसेस रिइंजीनियरिंग में श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष २०२०-२१ के लिए दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि सहित स्वर्ण पदक भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया था। वहीं सुपरिंटेंडेंट, साइबर क्राईम, शिमला के पद पर तैनात श्री रोहित मालपानी राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस में सी.सी.टी.वी. सर्विलेंस मेट्रिक्स का उपयोग करते हुए थर्ड आई आधारित पुलिस निरीक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारत सरकार द्वारा एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि और रजत पदक से अलंकृत हुए थे। चित्र में (बायें से) तेलंगाना सम्मेलन के महामंत्री श्री रामपाल अट्टल, श्री रोहित मालपानी, आई.पी.एस., तेलंगाना सम्मेलन के अध्यक्ष श्री रमेश कुमार बंग, श्री अशोक कुमार, आई.पी.एस. एवं तेलंगाना सम्मेलन के प्रचार मंत्री श्री रामप्रकाश भंडारी।

L K SINGHANIA EDUCATION CENTRE

Gotan, Dist. Nagaur, Rajasthan, INDIA

10+2 CBSE Affiliated Residential School for Boys & Girls

ISO 9001, 14001 & 22000 Certified by LRQA, UK
Member INDIAN PUBLIC SCHOOLS' CONFERENCE
Participating Institution in the UNESCO ASP Net

ROUND SQUARE
ROUND SQUARE MEMBER SCHOOL

Ranked No.1 in Rajasthan
& No.6 in India in the category of 'Top 20 Day-Cum-Boarding Schools'
in a survey conducted by
Educationtoday.co

ADMISSION OPEN
For Classes I to IX & XI
Session 2022 - 23

Distinctive Features

- 250 acres of beautifully landscaped campus
- Around 1000 boarders from different parts of the country
- Trained committed teachers
- State-of-the-art Laboratories and Libraries
- Absolute homely boarding facilities for students
- Air-conditioned classrooms and dining halls
- World- class sports facilities for indoor and outdoor games
- Purely hygienic vegetarian mess facility with pure cow milk
- Go-karting facility
- 100 bed dispensary with all modern medical equipments along with Pathology lab for special test like Vitamin D3, Thyroid etc.
- School's own Dairy, RO Water Plant, Bakery, Agr.farm & Laundry
- ISO 9001, 14001 & 22000 Certified by LRQA, U.K.
- Recipient of British Council International School Award (ISA) 2017 - 2020
- Member IPSC & Participating Institution in the UNESCO, ASP Net
- Olympic size fully roofed and protected all-weather swimming pool
- Entire campus is under surveillance with CCTV cameras

20 March, 2022
DALTONGANJ
-HOTEL SHIVAY BLUE

21 March, 2022
RANCHI
-HOTEL THE RASO

23 March, 2022
KODERMA
-THE CENTRAL SQUARE

24 March, 2022
DEOGHAR
-IMPERIAL HEIGHTS

26 March, 2022
BERHAMPORE
-THE FAME

28 March, 2022
KOLKATA
-THE SAMILTON

For above admission centres contact :

R K Mahapatra
9414586847

Biplab Agasty
9602414050

Call us at:
01591-231022, 231077
+91 9413427404 / +91 9784594396

fax: 01591-231075
email: info@lksec.org

www.lksec.org
/lksecgotan

Sponsored by:

JKcement J K WHITE CEMENT WORKS, GOTAN
(ISO-9001, ISO-14001, ISO-45001, ISO-50001 & SA-8000 Certified)

WhitesMax X

Totally Committed to Product Excellence, Customers' Service and Social Responsibilities

अध्यक्षीय

नववर्ष मंगलमय हो हमारा – अमर रहे गणतंत्र हमारा!

– गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया

स्नेही-सुधी बन्धुगण,

नववर्ष पर अभिनन्दन! नववर्ष मंगलमय हो! आज हर व्यक्ति के मन में यह आकांक्षा है कि हमारा नववर्ष मंगलमय हो, पर यह कैसे होगा – इसके लिए सदेच्छा एवं सद्प्रयास होना चाहिए। यह माह बहुत महत्वपूर्ण है। भगवान सूर्य देव उत्तरायण में मकर राशि में प्रवेश करेंगे, इसे ही मकर संक्रांति कहते हैं। ऐसा कहा जाता है कि उत्तरायण काल के शुक्ल पक्ष में दिन के उजाले में मृत्यु होने से बार-बार के आवागमन से मुक्ति मिलती है। महाभारत काल में भीष्म पितामाह को इच्छामृत्यु का वरदान प्राप्त था। उन्होंने शरशय्या पर घोर कष्ट सहते हुए भी अपनी मृत्यु के लिए सूर्य के उत्तरायण में आने की प्रतीक्षा की। पूरे राष्ट्र में मकर संक्रांति का यह पर्व अलग-अलग नाम एवं विलग-विलग तरीकों से मनाया जाता है। खिचड़ी एवं पतंग उड़ाना इस पर्व की विशिष्ट पहचान है। तिलकुट का सेवन इस काल में शुभ एवं स्वास्थ्यप्रद माना जाता है। बिहार में दही-चूड़ा का सेवन प्रमुख स्थान रखता है। राजस्थान के लोगों में घेवर का प्रचलन बहुत है। प्रवासी मारवाड़ी भी इस काल में घेवर का स्वाद बड़े चाव से चखते हैं।

स्वतन्त्रता-संग्राम के एक महानायक नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का जन्म भी इसी माह २३ जनवरी १८९७ को कटक शहर के एक संभ्रांत बंगाली परिवार में हुआ था। हमारी स्वतन्त्रता में उनका विशिष्ट योगदान रहा है। १९२० में ICS (आजकल IAS) की परीक्षा वरीयता क्रम में चौथे स्थान पर रहकर पास की। चूँकि अंग्रेजों की गुलामी उन्हें पसन्द नहीं थी इसलिए १९२१ में ICS से त्यागपत्र दे दिया। उनका यह विश्वास था कि अहिंसा से आजादी प्राप्त नहीं की जा सकती है और महात्मा गांधी अहिंसा छोड़ने वाले नहीं थे। दोनों के विचारों में मूलभूत अन्तर था। इस विचारभिन्नता के फलस्वरूप कांग्रेस के अध्यक्ष पद का उन्होंने त्याग कर दिया एवं फारवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी अलग पार्टी का गठन किया। द्वितीय विश्वयुद्ध का एलान हो चुका था और नेताजी १९४१ की शुरूआत में ही देश छोड़कर विदेश चले गये। १९४२ में एक आस्ट्रियन महिला एमिली शेंकल से उन्होंने हिन्दू पद्धति से विवाह किया। उससे उन्हें एक लड़की हुई जिसका नाम उन्होंने अनिता बोस रखा। देश के बाहर उन्होंने पहले सिंगापुर फिर जापान में आजाद हिन्द फौज की स्थापना की। कहा जाता है कि इसमें ८५,००० सैनिक थे। आजाद हिन्द फौज ने कुछ भारतीय प्रदेशों पर आक्रमण कर अंग्रजों से मुक्त भी कराया था तथा वहाँ तिरंगा फहराया था। इस बीच नेताजी ने अपना रेडियो स्टेशन बनाया, अपनी करेंसी जारी की, अपनी सरकार बनाई। कोहिमा पर युद्ध बहुत संघर्षपूर्ण रहा तथा काफी लम्बे समय तक चला। वहाँ नेताजी को काफी नुकसान उठाना पड़ा। बरसात का समय था, भूमि दलदली थी। ६ जुलाई १९४४ को नेताजी ने रेडियो रंगून से महात्मा गांधी के नाम का एक प्रसारण जारी करके उनसे आर्शीवाद एवं शुभकामनाएँ माँगी थी। आजाद हिन्द रेडियो पर अपने भाषण के माध्यम से नेताजी ने गांधी जी को सम्बोधित करते हुए जापान से सहायता लेने पर अपना पक्ष, स्वाधीन भारत की अंतरिम सरकार की स्थापना, आजाद हिन्द फौज की स्थापना के उद्देश्य के बारे में बतलाया। १८ अगस्त १९४५ नेताजी जिस विमान पर सवार थे वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। वह ओवरलोड था। यह दुर्घटना जापान अधिकृत फार्मोसा (वर्तमान ताईवान) में हुई थी। उस हादसे में नेताजी बच गये या मारे गये थे इसके बारे में आज तक कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। उनका शव नही मिलने की वजह से उनकी मौत पर विवाद बरकरार रहा।

नेताजी के बारे मे ये सब बातें आप सब जानते है। यहाँ इनको उद्धृत करने का मेरा उद्देश्य यही है कि आदमी दृढ़ संकल्प के साथ कुछ भी कर सकता है। कुछ भी असम्भव नहीं है। हमें भी अपने मनोभाव ऐसे ही रखने चाहिए तभी सफलता मिलती है। भारत सरकार ने भी नेताजी के जन्म के १२५ वर्ष पूरे होने पर उन्हें अपार सम्मान दिया है। इंडिया गेट पर उनकी मूर्ति की स्थापना महत्वपूर्ण है। गणतन्त्र दिवस समारोह इस बार नेताजी के जन्म दिन २३ जनवरी से ही शुरू किये गये।

२६ जनवरी के दिन ही राष्ट्र को अपना संविधान मिला जो विश्व को सबसे बड़ा लिखित संविधान है। संविधान की प्रारूप समिति का अध्यक्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर को बनाया गया। संविधान सभा में ३०८ सदस्य थे जिन्होंने संविधान बनाने हेतु १६६ बार बैठकें की। भारतीय गणतन्त्र की प्रगति की यात्रा अनवरत स्वर्णिम भविष्य की ओर है। स्वतन्त्रता के अमृत महोत्सव के वर्ष में इस बार गणतन्त्र दिवस मनाया जा रहा है। महान त्याग एवं बलिदान से हासिल की गई स्वतन्त्रता को स्थायी आधार देने वाले संविधान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सत्य और निष्ठा से परिपूर्ण होनी चाहिए। संविधान ने नागरिकों के मूल अधिकारों को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है। वहीं जिम्मेदार नागरिक के नाते हमारे कर्तव्य भी हैं। अधिकारों एवं दायित्वों का समुचित सामंजस्य ही देश की उन्नति का मूल मंत्र है। राष्ट्रीयता की भावना के बिना कोई राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता। हमारी लोकतान्त्रिक व्यवस्था विश्व के समक्ष एक उदाहरण है। हमारे साथ-साथ या आसपास स्वतन्त्र हुए बहुत से देशों में लोकतन्त्र धराशायी हो गया। हमें गर्व है अपनी लोकतान्त्रिक व्यवस्था पर लेकिन नैतिक मूल्यों का क्षरण जरूर चिन्ता का विषय है। सुशिक्षित गरिमाशाली व्यक्तियों का राजनीति में आना जरूरी है। तभी सुधार की उम्मीद की जा सकती है। उग्रवादी एवं आतंकवादी घटनायें हमें विकास से विनाश की ओर ले जा रही हैं। इनको सख्ती से कुचलना नितान्त आवश्यक है। बूँद-बूँद से तालाब भरता है, अतः सभी लोगों को देश के विकास में अपना सहयोग देना चाहिए।

इस बार का गणतंत्र दिवस हमारे लिए विशेष सुखद एवं प्रसन्नतादायक है। हमारे पूर्व अध्यक्ष श्री प्रह्लाद राय जी अग्रवाल को पद्मश्री अलंकार से सम्मानित करने की घोषणा हुई है। आदरणीय प्रह्लाद जी को मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं उनके दीर्घायु होने एवं अच्छे स्वास्थ्य की मंगलकामनाएँ। दूसरी खुशी यह है कि समाज के ही एक बहुत ही धर्मपरायण व्यक्ति स्व. राधेश्याम खेमका जो गीताप्रेस, गोरखपुर के ट्रस्ट के अध्यक्ष भी थे तथा बहुत वर्षों तक कल्याण मासिक पत्रिका का सम्पादन भी किया, उनको मरणपरान्त पद्मविभूषण से अलंकृत किया गया। मन में बहुत हर्ष हो रहा है। अपने समाज के कुछ और लोग भी पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किये गये हैं। यह हमारे लिये गर्व की बात है।

राष्ट्र के साथ-साथ आप सभी की भी समृद्धि एवं सफलता की कामना करता हूँ। आप स्वस्थ रहें!

जय समाज जय राष्ट्र!

संगठन का कोई विकल्प नहीं : भानीराम सुरेका

'चाहे परिवार हो, समाज या राष्ट्र, संगठित रहना आज समय की माँग है। संगठन से कठिन कार्य भी सरल हो जाते हैं। स्वाधीनता संग्राम में जाति-धर्म-सम्प्रदाय से उपर उठकर, एकजुटता के साथ पूरा देश खड़ा हुआ, तो हमें सफलता मिली। आज राष्ट्र और समाज के विकास के लिए हम सबको संगठित प्रयास करना है।' ये विचार अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री भानीराम सुरेका** ने राष्ट्र के ७३वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह का सभापतित्व करते हुए व्यक्त हुए। उन्होंने पहले सम्मेलन के पदाधिकारियों–सदस्यों के साथ शेक्सपीयर सरणी के डकबैक हाउस स्थित केन्द्रीय कार्यालय भवन के समक्ष झंडोत्तोलन किया, तत्पश्चात् राष्ट्रीय गान हुआ और सम्मेलन सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री सुरेका ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के आलोक में कोरोना–राहत सेवाकार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और पूरे देश में सम्मेलन की शाखाएँ इस हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** ने राँची से सम्मेलन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएँ प्रेषित की। उन्होंने अपने संदेश में अधिकारों के साथ–साथ अपने कर्त्तव्यों के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया – **जहाँ अधिकारों के बिना कर्त्तव्य दासता है, वहीं दायित्वों के बिना अधिकार निरंकुशता।**

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने सैकड़ों रियासतों को एक माला में पिरोकर इस देश की नींव रखी और हमारे गणतंत्र की स्थापना की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता–प्राप्ति के बाद हमने बहुत प्रगति की है किन्तु अभी बहुत कुछ करना बाकी है। संसाधनहीन लोगों की सहायता और अमीरों तथा गरीबों के बीच की खाई को पाटने के लिए हर कदम उठाना हमारा राष्ट्रीय कर्त्तव्य है।

समारोह का संचालन करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री **श्री संजय हरलालका** ने बताया कि भारत सरकार ने सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री प्रह्लाद राय अगरवाला को पद्मश्री** एवं गीताप्रेस के संस्थापकों में से एक **स्वर्गीय राधेश्याम खेमका को पद्मविभूषण** से सम्मानित करने की घोषणा की है। सभा ने करतल ध्वनि से हर्ष व्यक्त किया और श्री प्रह्लाद राय जी को बधाइयाँ दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन गाड़ोदिया ने भी अपने संदेश में उन्हें बधाइयाँ प्रेषित की।

श्री सावर धनानिया ने कहा कि हर तबके को साथ लेकर चलने से समाज ने उन्नति प्राप्त की है। **श्री आत्माराम सोंथलिया** ने स्वतंत्रता संग्राम में मारवाड़ियों के योगदान का स्मरण कराया। उन्होंने कहा कि अब भी राष्ट्र और समाज के समक्ष समस्याएँ है और समयानुसार इनका हल भी निकलेगा, हमें प्रयास करते रहना चाहिए।

पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री **श्री शिव कुमार लोहिया** ने कहा कि गणतंत्र दिवस अपने दायित्वों को समझने का अवसर है। हम देश को माँ कहते हैं तो माँ के प्रति अपने दायित्वों को समझना होगा। पश्चिम बंग सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री नंद किशोर अग्रवाल** ने कहा कि एक नागरिक के रूप में अपने दायित्वों का निवर्हन एक विचारणीय प्रश्न है।

विदुषी **श्रीमती ममता बिनानी** ने कहा कि समाज से ही सब कुछ मिलता है, बदले में समाज के लिए कुछ करना हमारा नैतिक

दायित्व है। संयुक्त परिवारों की घटती संख्या पर चिंता प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय एवं सामंजस्य से घर, समाज या देश सफलतापूर्वक चलाया जा सकता है। जरूरी है कि हम स्वतंत्रता के साथ-साथ परस्पर-निर्भरता को भी समझें।

हिन्दुस्तान क्लब के वाइस प्रेसिडेंट **श्री नरेन्द्र तुलस्यान** ने युवक-युवतियों को सम्मेलन के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। **श्री किशन किल्ला** ने संविधान से प्रतिबद्धता को आवश्यक बताया। **श्री नंदलाल सिंघानिया** ने कहा कि अपनी भावी पीढ़ियों को उनको कर्त्तव्यों के प्रति सचेत रखना हमारा दायित्व है। हमारी सभ्यता-संस्कृति और इतिहास का उन्हें सम्यक ज्ञान हो इसके लिए हमें हर सम्भव प्रयत्न करना चाहिए।

राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री गोपाल अग्रवाल, श्री के.के. सिंघानिया, श्री केदारनाथ गुप्ता,** आदि ने भी अपने संक्षिप्त विचार रखे और सभी को गणतंत्र दिवस की बधाइयाँ दी। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष **श्री दामोदर बिदावतका** ने धन्यवाद-ज्ञापन किया। समारोह में सर्वश्री पवन कुमार जालान, अरुण प्रकाश मल्लावत, अमित मूँधड़ा, बाबूलाल बंका, अनिल कुमार पोद्दार, रमेश कुमार बूबना, शंकर कारीवाल, प्रकाश किला, शंभु मोदी, संजीव केडिया, संजय शर्मा, प्रमोद गोयनका, संदीप सेकसरिया सहित गणमान्य समाजबंधु उपस्थित थे।

पद्मश्री से विभूषित होंगे प्रह्लाद राय अगरवाला

२७ फरवरी २०२२; कोलकाता : राष्ट्र के ७३वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रह्लाद राय अगरवाला को पद्मश्री से सम्मानित करने की भारत सरकार की घोषणा के बाद सम्मेलन के राष्ट्रीय पदाधिकारीगण श्री अगरवाला से मिले और उन्हें बधाइयाँ दी। चित्र में (बायें से) उपाध्यक्ष श्री भानीराम सुरेका, कोषाध्यक्ष श्री दामोदर बिदावतका, संयुक्त महामंत्रीद्वय श्री गोपाल अग्रवाल एवं श्री सुदेश अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष श्री संतोष सराफ एवं पूर्व अध्यक्ष श्री प्रह्लाद राय अगरवाला।

स्व. राधेश्याम खेमका : सनातन साहित्याकाश के देदीप्यमान नक्षत्र

– रतन लाल बंका
राँची, झारखण्ड

२६ जनवरी २०२२ की पूर्व संध्या पर जब स्वर्गीय राधेश्याम जी खेमका के मरणोपरांत पद्म विभूषण पुरस्कार हेतु चयन की सूचना मिली तो मन आश्चर्यचकित हर्ष से उद्वेलित हो उठा। जिस व्यक्ति ने अपना सारा जीवन भारतीय संस्कृति एवं अध्यात्म की रक्षा, पोषण एवं संवर्धन में लगा दिया हो ऐसे व्यक्ति को इतना शिखर सम्मान आज तक नहीं दिया गया। इसलिए आश्चर्य होना तो लाजमी है, साथ ही हर्ष भी है कि ऐसे व्यक्ति का पद्म विभूषण सम्मान के लिए चयन हुआ। उन्होंने अपना पूरा जीवन गीता प्रेस को समर्पित कर दिया था। गीता प्रेस ट्रस्ट बोर्ड के वे अंतिम सांस तक अध्यक्ष रहे। गीता प्रेस के नाम से आज हर भारतीय परिचित है जिसने सनातन धर्म संस्कृति को संरक्षित रखा है। गीता प्रेस से प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका कल्याण का उन्होने १९८२ से जीवनपर्यंत संपादन किया। गीता प्रेस की पुस्तकें कई भाषाओं में प्रकाशित होती हैं और बहुत ही कम मूल्य में सुलभ कराई जाती हैं।

आज पूरा मारवाड़ी समाज, बिहार प्रदेश जहाँ बढ़ैया में उनका जन्म हुआ था, मुंगेर जहाँ उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी तथा उत्तर प्रदेश जो उनकी कर्मभूमि रहा है, उनके इस सम्मान के लिए चयनित होने पर गौरान्वित अनुभव कर रहा है। उनका बचपन बढ़ैया में ही बीता। उनका पुराना घर जो आज दूसरे के स्वामित्व में है, गोपाल मंदिर के सामने वार्ड नंबर १५ जगदंबा पथ पर आज भी स्थित है। बाद में उनके पिता जी और चाचाजी मुंगेर रहने लगे जो जिले का हैडक्वाटर था और वहीं पर व्यापार करने लगे। स्वर्गीय राधेश्याम जी खेमका का जन्म १२ दिसंबर १९३५ को बढ़ैया में हुआ था। उनके पिता का नाम सीताराम खेमका तथा चाचा का नाम मनसुखराम खेमका या जिन्होंने मुंगेर में अपना व्यवसाय फैलाया। करीब ९० साल पहले उनके पिता सीताराम जी खेमका राजस्थान के फतेहपुर शहर से व्यापार करने हेतु बिहार के मुंगेर जिले में आकर बस गए और मुंगेर में अपना व्यापार शुरू किया। फतेहपुर में अभी भी उनकी हवेली और नोहरा है तथा उनकी कुलदेवी का मंदिर भी है। इनका परिवार फतेहपुर आता जाता रहता है। इनका फतेहपुर से अभी भी संपर्क बना हुआ है। राधेश्याम जी की प्रारंभिक शिक्षा मुंगेर में हुई तथा उच्च शिक्षा बनारस में हुई। मुंगेर के बाद इनका परिवार १९५६ से स्थाई रूप से काशी में निवास करने लगा। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से खेमका जी ने संस्कृत में स्नातकोत्तर तथा साहित्य रत्न की परीक्षाएँ उत्तीर्ण की। कानून की भी आपने पढ़ाई की थी। व्यवसाय के क्षेत्र में आपने कागज का व्यापार शुरू किया। आपके पिता स्वर्गीय सीताराम खेमका सनातन धर्म के कट्टर अनुयायी थे तथा गोरक्ष आंदोलन में भी आपकी सशक्त भूमिका रही थी। आपकी माताजी एक धर्मपरायण गृहस्थ महिला थी। आपके पिताजी की धार्मिक प्रवृत्ति एवं आध्यात्मिक सक्रियता के फलस्वरूप आपको संतों का सान्निध्य एवं सत्संग का अवसर बराबर मिलता रहा। व्यवसाय के साथ-साथ आपका स्वाध्याय, सत्संग एवं संत समागम निरंतर चलता रहा। आपका संस्कृत, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषाओं पर पूर्ण अधिकार था। स्वामी करपात्री जी, शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी, पुरी के शंकराचार्य स्वामी निरंजन देव तीर्थ जी और वर्तमान पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद जी, भागवत कथा मर्मज्ञ संत डॉगरेजी महाराज जैसे संतों से आपका संपर्क, सान्निध्य एवं संवाद सदैव बना रहा। गीता प्रेस के संस्थापक भाई श्री हनुमान प्रसाद जी पोद्दार की सुपुत्री के साथ आप विवाह बंधन में बँधे। आपके दो पुत्र कृष्ण कुमार खेमका और राजाराम खेमका है तथा एक पुत्री राजेश्वरी देवी है।



स्व. राधेश्याम खेमका

स्वनामधन्य राधेश्याम जी खेमका २०१४ से अपनी अंतिम सांस लेने तक गीता प्रेस ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन रहे। १९२३ में जयदयाल जी गोयनका एवं हनुमान प्रसाद जी पोद्दार ने धार्मिक पुस्तकों के प्रकाशन हेतु गीता प्रेस की स्थापना की। यह संस्था आज वट वृक्ष का रूप ले चुकी है और अपने सिद्धांतों पर अडिग रहते हुए उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। अगला वर्ष गीता प्रेस का शताब्दी वर्ष है। अपने निधन के पहले तक खेमका जी शताब्दी वर्ष के महोत्सव की तैयारियों में लगे हुए थे। इन दिनों काशी में ही उनका निवास रहता था, मात्र कामकाज के सिलसिले में गोरखपुर आया करते थे। कई दशकों से जल के रूप में गंगाजल ही ग्रहण करते थे।

राधेश्याम जी ने गीता प्रेस में अनेक धार्मिक पुस्तकों का संपादन किया। आपने ही गीता प्रेस से प्रकाशित होने वाली अनेक पुस्तकों के प्रकाशन का सुझाव दिया था। कर्मकांड व संस्कारों से संबंधित पुस्तकें यथा नित्य कर्म पूजा प्रकाश, अंन्त्यकर्म श्राद्ध प्रकाश, गया श्राद्ध पद्धति, त्रिपिंडी श्राद्ध पद्धति, संस्कार प्रकाश, गरुड़ पुराण, सारोद्धार व जीवच्छ्राद्ध पद्धति आदि का प्रकाशन करके सनातन धर्म की आपने अनन्य सेवा की है। वाराणसी में मारवाड़ी सेवा संघ, मुमुक्षु भवन, श्री राम लक्ष्मी मारवाड़ी अस्पताल गाड़ोलिया, बिरला अस्पताल मच्छोदरी, काशी गौशाला ट्रस्ट, बाबा विश्वनाथ मंदिर आदि संस्थाओं में आप सदैव अपनी अमूल्य सेवाएँ देते रहे हैं। कल्याण के सभी ९५ विशेषांको से १०० महत्वपूर्ण लेख चयन करके एक स्वतंत्र ग्रंथ प्रकाशित करने की भी आपने अपनी सहमति प्रदान की थी। बढ़ैया और मुंगेर से आपका संपर्क एवं नाता बराबर बना रहा। वहाँ पर आपने मंदिर एवं पनशालाएँ बनवाई। २००२ में आपने काशी में वैद विद्यालय की स्थापना की। कई महापुराण एवं कर्मकांड के दुर्लभ ग्रंथों के प्रमाणिक संस्करणों का संपादन कर उन्हें प्रकाशित कराया।

शुक्रवार दिन के १२:०० बजे ३ अप्रैल २०२१ को आपने इस नश्वर देह को काशी के केदार घाट पर त्याग कर वैकुंठ लोक के लिए गमन किया। ऐसे महामानव कभी-कभी ही धरती पर आते है और अपने प्रकाश पुंज से धरती को आलोकित करके अपने धाम चले जाते है। उनके निधन पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ सहित अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने शोक व्यक्त किया। भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत पद्मविभूषण हेतु उनका चयन उनको सच्चा सम्मान एवं श्रद्धांजलि है।

COMPLETE ELECTRICAL SOLUTION
GARODIA
ELECTRICAL WIRES
FANS AND LIGHTS
LT PANEL, CABLE TRAY AND TRANSFORMER
WE MANUFACTURE
POWER TRANSFORMER
DISTRIBUTION TRANSFORMER
LT ELECTRICAL PANEL
PERFORATED CABLE TRAY
LADDER-TYPE CABLE TRAY
GARODIA ENTERPRISES
AARNAV POWERTECH
MARKET ROAD EAST, UPPER BAZAR
RANCHI - 834 001, JHARKHAND
www.aarnavpowertech.com
garodia@garodiagroup.com
0651-2205996

Apollo
TOUCHING LIVES

Certificate No. : M-0342
NABL Accredited

Apollo Clinic
Expertise. Closer to you.

P-72, Prince Anwar Shah Road, Opp. South City Mall, Kolkata-700 045
Tel. : 4021-2525-55, E-mail : pashahroad@theapolloclinic.com

SERVICES AT A GLANCE

- **Laboratory Services - Advanced Automatic Equipments**
- **Radiology**
  - MRI / CT / Scan | - Digital X-Ray
  - Ultrasonography | - Colour Doppler Study
- **Cardiology**
  - ECG | - Echo-Cardiography
  - Echo-Colour Doppler | - Holter Monitoring
  - Treadmill Test (TMT)
- **Wide Range of Pathology**
- **Pulmonary Function Test**
- **UGI Endoscopy / Colonoscopy**
- **Physiotherapy**
- **EEC / EMG / NCV**
- **General & Cosmetic Dentistry**
- **Elder Care Service**
- **Sleep Study (PSG)**
- **EYE / ENT Care Clinic**
- **Gynae and Obstetric Care Clinic**
- **Haematolgy Clinic**
- **Personalised Care (Injection, Dressing, ECG etc.) at your doorstep**
- **Health Check-up Packages**
- **Online Reporting**
- **Report Delivery**

Home Blood Collection

(033) 4021-2525, 97481-22475

98301 96659

Consultation I Diagnostics I Dentistry I Health Checks

To your taste buds, with love...

Refreshingly, yours.

Indulgently, yours.

Addictively, yours.

Spicily, yours.

Healthily, yours.

Nourishingly, yours.

Delightfully, yours.

Obsessively, yours.

Temptingly, yours.

Passionately, yours.

Snackingly, yours.

Yours Tastefully Anmol™

celebrating 25 years

BISCUITS

www.anmolindustries.com | Follow us on:

PHONEX ROADWINGS

STEVEDOR & SHORE HANDLING AGENT

Our Services

- Port Stevedoring & Cargo Handling of Both Bulk Break bulk cargo
- Shipping / Steamer Handling Agent
- Road Transportation
- In bound & Out bound Logistics
- Container Freight Services

A-1/46/1, New Paharpur Road,
Rabindranagar, Kolkata – 700 066
E-mail : phonex.roadwings@gmail.com
roadwingsinternational@gmail.com

PIC - Nikunj Gourisaria , Mob. 9833933729, E-mail : nikunj.gourisaria@gmail.com

युवा वर्ग बढ़ा रहा समाज का गौरव : गोवर्धन गाड़ोदिया

'उद्योग-व्यापार की अपनी पारम्परिक परिधि से बाहर निकल कर आज मारवाड़ी युवक-युवतियाँ चार्टर्ड एकाउंटेंट, वकालत, चिकित्सा, प्रशासनिक सेवाओं, खेल, आदि हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बल सफलता का परचम लहरा रहे है। यह हम सब के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। ये विचार अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** ने गत २२ जनवरी को जूम ऐप के माध्यम से आयोजित सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में व्यक्त किए। सी.ए. की परीक्षा में देश भर में प्रथम सुश्री नंदिनी अग्रवाल, जे.ई.ई. एडवांस्ड में पूरे देश के टॉपर श्री मृदुल अग्रवाल, यू.पी.एस.सी. में टॉप फाईव में आने वाले सुश्री अंकिता जैन और श्री यश जालुका, आदि की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिससे किसी भी समाज तथा देश की दशा और दिशा बदली जा सकती है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि कोई भी बालक-बालिका शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि समाज के हर तबके को अपने साथ जोड़ना और समाज के हर परिवार तक पहुँचना सम्मेलन के लक्ष्यों में है।

बैठक में सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गाड़ोदिया ने सभी उपस्थितों का स्वागत किया और सम्मेलन की हालिया गतिविधियों के विषय में संक्षेप में बताया। कोरोना की तीसरी लहर के दौरान पूरे देश में सम्मेलन की प्रादेशिक एवं स्थानीय शाखाओं द्वारा किए जा रहे सेवाकार्यों के लिए समाज के कोरोना-योद्धाओं का साधुवाद व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी उपस्थितों से संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक एहतियात बरतने और यथासम्भव सभी को इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री सीताराम शर्मा** ने सम्मेलन के संगठन-विस्तार पर हर्ष व्यक्त किया एवं कोरोनाकाल के दौरान पूरे देश में किए जा रहे सेवाकार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं के समक्ष विभिन्न प्रकार की चुनौतियाँ आती रहती हैं और आपसी विचार-विमर्श से रणनीति बनाकर इनका सामना करना चाहिए।

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री कपिल लाखोटिया** ने एक वैचारिक मंच के रूप में समाज सुधार के क्षेत्र में सम्मेलन की उपलब्धियों को युगांतरकारी बताया और कहा कि युवा मंच सम्मेलन के हर कार्यक्रम में सब तरह से साथ है।

